

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

सोमवार 16 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 141 पृष्ठ 5 www.keshavtv24.com Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

इस दुनिया में किसी के साथ खुद की तुलना मत करो यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप खुद का अपमान कर रहे हैं।

## त्रिपुरा के राज्यपाल का नालंदा विश्वविद्यालय में आगमन, शैक्षणिक व शोध गतिविधियों की सराहना

*केशववाणी । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर, राजीव लोचन की रिपोर्ट।*



राजगीर (नालंदा)। त्रिपुरा के राज्यपाल नल्लू इंद्र सेन रेड्डी रविवार को अपनी धर्मपत्नी के साथ राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय पहुंचे। विश्वविद्यालय परिसर में उनके आगमन पर कुलपति प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल को औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। दौरे के दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया और विभिन्न शैक्षणिक विभागों का अवलोकन किया। उन्होंने संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद कर विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध गतिविधियों और सामुदायिक पहलों की जानकारी ली।राज्यपाल ने विशेष रूप से बौद्ध अध्ययन, वैदिक परंपराओं के प्रभाव, समुद्री इतिहास तथा भारत की सभ्यतागत विरासत से संबंधित विषयों में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को आधुनिक वैश्विक संदर्भ में पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के नेट–ज़ीरो सतत परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने आधुनिक अधोसंरचना, उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और वैश्विक दृष्टिकोण से युक्त शिक्षण पद्धति की सराहना की।

## नालंदा की रेल समस्याओं को लेकर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने रेल मंत्री से की मुलाकात

**केशववाणी । रानी सिन्हा की रिपोर्ट नूरसराय (नालंदा)।** नालंदा के लोकसभा सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर जिले की विभिन्न रेल समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने एक विस्तृत पत्र सौंपते हुए त्वरित समाधान की मांग की।



**चण्डी हॉल्ट के अंडरपास में जलजमाव से परेशानी**

सांसद ने दानापुर मंडल के नेउरा–बरबीघा रेलखंड पर चण्डी हॉल्ट के निकट रेलवे फाटक (गुमटी संख्या–07) के पास बने अंडरपास में जलजमाव की गंभीर समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में चार से पाँच महीनों तक अंडरपास में तीन से चार फीट पानी भरा रहता है, जिससे किसानों के हार्वेस्टर और बड़े वाहन नहीं निकल पाते।

स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि रेलवे फाटक को बंद कर केवल अंडरपास का उपयोग कराया जा सकता है, जबकि यह फाटक दर्जनों गांवों के लिए मुख्य आवागमन मार्ग है। सांसद ने मांग की कि अंडरपास के साथ–साथ रेलवे फाटक को भी यथावत चालू रखा जाए।

**मेमू ट्रेनों के ठहराव और विस्तार की मांग**

सांसद ने नवादा से पटना के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन संख्या 63389/63390 का ठहराव रुखाई हॉल्ट सहित सभी हॉल्टों पर सुनिश्चित करने की मांग की। इसके अलावा बिहार शरीफ और नूरसराय के बीच कैड़ी गांव में नया रेलवे हॉल्ट निर्माण एवं ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। ग्राम पंचायत आमावां में आमावां रेलवे हॉल्ट का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराने तथा बिहार शरीफ–अस्थावां–शेखपुरा रेलखंड के तिउरी गांव में भी रेलवे हॉल्ट निर्माण की मांग की गई।

**ट्रेन विस्तार और अतिरिक्त सेवा की मांग**

राजगीर से दनियावां होते हुए फतुहा तक चलने वाली मेमू ट्रेन को पटना जंक्शन/दानापुर तक विस्तारित करने और इस रूट पर एक जोड़ी अतिरिक्त मेमू ट्रेन चलाने की मांग भी सांसद ने की।

**रेल ओवरब्रिज और अंडरपास की समस्या**

बिहार शरीफ में प्रस्तावित दो रेल ओवरब्रिज. सोहसराय एलसी/30 और स्टेशन के दक्षिण एलसी/34—का कार्य शीघ्र शुरू कराने का अनुरोध किया गया। रुखाई हॉल्ट, बढ़ौना हॉल्ट (खरजमा गांव), राम हॉल्ट समेत कई अंडरपासों में जलजमाव की समस्या का जिक्र करते हुए सांसद ने कहा कि अधिकांश अंडरपास से बसें, बड़े वाहन और कृषि यंत्र नहीं गुजर पा रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि जहां संभव हो, वहां अंडरपास के स्थान पर रेल ओवरब्रिज या रेलवे फाटक का निर्माण कराया जाए और जहां फाटक हैं, उन्हें बंद न किया जाए।

सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने कहा कि इन मांगों के पूरा होने से नालंदा जिले के हजारों ग्रामीणों, किसानों और दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

## इस्लामपुर नगर समेत प्रखंड क्षेत्र मे महाशिवरात्रि पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**केशववाणी । जिला संवाददाता संजीव कुमार बिट्टू की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर नगर समेत प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के शिवालयों मे महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान भोले. नाथ के मंदिरों एवं शिवालयों मे उनके शिवलिंग पर जलाभिषेक कर धुम–धाम के साथ पूजा अर्चना किया और श्रद्धालुओं द्वारा भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर बेलपत्र , भांग ,धतूरा , गुलाल एवं फल – फूल अर्पित कर भगवान भोले. नाथ का भोग लगाया वही महाशिवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान भा. `लेनाथ के मंदिरों एवं शिवालयों को बहुत ही आकर्षक ढंग से रंग –बिरंगे लाई. टों से सजाया गया है। पर्व को लेकर इस्लामपुर थाना परिसर स्थित शिवमन्दिर में 24 घंटे का अखंड रामधुन हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। महाशिवरात्रि पर्व के दौरान इस्लामपुर प्रखंड के आत्मा गाँव स्थित भगवान भा. `लेनाथ के मंदिर को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया गया है।और भगवान श्री राम – जानकी – लक्ष्मण की नये मुर्ति का अलग मंदिर मे प्राण–प्रतिष्ठा श्रद्धालुओं द्वारा किया गया।इस अवसर पर आत्मा गाँव के ग्रामीण सह कमिटी के अध्यक्ष सर्वेश कुमार ने आत्मा गाँव जो भगवान भोलेनाथ के मंदिर बहुत ही पुरानी मंदिर है। और लोगों का कहना है कि जो भी भक्त भगवान भोलेनाथ से सच्चे दिल से जो भी , कुछ भी मांगता है।उसकी मनोकामना भगवान भोलेनाथ जरूर पूरी करते है , इस लिए यहाँ महाशिवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिलती है। इस अवसर पर थाना परिसर स्थित महाशिवरात्रि महोत्सव समिति के अध्यक्ष नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामप्रीत सिंह ने बताया कि अखण्ड रामधुन हरिकीर्तन समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं के बीच सामूहिक प्रसाद वितरण किया जाएगाद्यतत्पश्चात संध्या में पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भगवती जागरण का उदघाटन स्थानीय सांसद कौशलेंद्र कुमार एवं विधायक रूहेल रंजन द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा द्य जागरण कलाकार द्वारा धार्मिक झांकी से दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर मनोरंजन किया जाएगा | इस अवसर पर महेन्द्र सिंह यादव , विजय विश्वकर्मा , शिवदानी पाण्डेय, सुनील सिंह , अनुज कुमार , वीरेन्द्र गोप, दयानन्द केशरी , राधेलाल गुप्ता , संजय साहू सहित अन्य श्रद्धालु भक्त शामिल हैं |



## महाशिवरात्रि पर विधायक डॉ. सुनील कुमार ने किया योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

### 51 लाख की सड़क निर्माण योजना का शुभारंभ, मणिराम अखाड़ा परिसर में विकास कार्य तेज

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट।** बिहारशरीफ (नालंदा) – महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बिहारशरीफ के विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने शहर में कई विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं भी दीं।

विधायक ने नगर निगम क्षेत्र के सो. हसराय गोला रोड में प्रारंभ से पंचाने नदी के पुल होते हुए मिश्रा टेंट हाउस के मकान से मोगलकुआं मस्जिद के निकट अवस्थित रांची रोड मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस योजना की कुल प्राक्कलित राशि 51 लाख 2 हजार 290 रुपये है।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत बाबा मणिराम अखाड़ा के उत्तर स्थित गैरमजरूआ भूमि पर चबूतरा निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस योजना पर 14 लाख 90 हजार रुपये खर्च किए गए हैं।

**मंदिर विकास को लेकर संकल्प**

डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि बाबा मणिराम अखाड़ा परिसर में मंदिर में प्राण–प्रतिष्ठा का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बिहार में विकास कार्य तेज गति से हो रहे हैं और मणिराम अखाड़ा को बिहारशरीफ का प्रमुख आकर्षण केंद्र बनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह स्थल प्राचीन काल से आस्था का केंद्र रहा है, जहां शिवलिंग पहले गड्ढे में पानी के भीतर डूबा हुआ था। चुनाव से पूर्व स्थानीय लोगों ने मंदिर की जर्जर स्थिति से अवगत कराया था, जिसके बाद मंदिर के नवनिर्माण का संकल्प लिया गया। आज यह कार्य पूर्णता की ओर अग्रसर है।

**10 करोड़ की राशि से होगा समग्र विकास**

विधायक ने बताया कि चुनाव से पूर्व विकास कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है। इससे मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, तालाब का जीर्णोद्धार, सीढ़ियों का निर्माण तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जाएगा। आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा कि बिहारशरीफ और नालंदा के कई प्राचीन मंदिर उपेक्षा का शिकार रहे हैं। वर्ष 2005 से पहले मणिराम अखाड़ा की स्थिति दयनीय थी, लेकिन अब यहां भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है जो आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

**सनातन विकास ट्रस्ट का गठन**

डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि बिहारशरीफ और नालंदा के मंदिरों के विकास के लिए 'सनातन विकास ट्रस्ट' का गठन किया गया है। इसके माध्यम से धर्मस्थलों का समुचित विकास किया जाएगा। साथ ही शहर के उपेक्षित छठ घाटों का भी नवनिर्माण कराया जाएगा।

उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे अपने धम. `स्थलों और धरोहरों को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए आगे आएं और यथासंभव सहयोग करें।

इस अवसर पर नीरज कुमार डब्लू, विपिन कुमार, अमरकांत भारती, पुलन बाबा, अजय कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद बविता देवी, पूर्व वार्ड पार्षद सुशील कुमार मिट्ठू, राजेश कुमार, सतीश कुमार, गुड्डू मिश्रा, अरुण कुमार, मिथिलेश कुमार, महेश चा. `धरी, छोटू कुमार, दिनेश्वर चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।




# ज्ञान की धरती नालंदा से उठा आत्मनिर्भरता का तूफान- एकंगरसराय के कन्हैयागंज में पिंटू विश्वकर्मा ने 6 महीने की मेहनत से तैयार किया 'टोरनाडो झूला', चीन को दी सीधी टक्कर



केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोट। नालंदा। ज्ञान की धरती के रूप में विश्व प्रसिद्ध नालंदा अब तकनीकी नवाचार और स्वदेशी निर्माण के क्षेत्र में भी अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। नालंदा जिले के एकंगरसराय प्रखंड अंतर्गत कन्हैयागंज निवासी पिंटू विश्वकर्मा ने चीन के डिजाइन पर आध.ारित 'टोरनाडो झूला' का निर्माण कर नई मिसाल पेश की है। करीब छह महीने की कड़ी मेहनत और लगन के बाद तैयार किया गया यह झूला स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। पिंटू विश्वकर्मा ने बताया कि पहले इस तरह के झूले चीन से भारत में आयात किए जाते थे, लेकिन उन्होंने यूट्यूब पर इसका डिजाइन देखकर इसे खुद बनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि यदि तकनीक और डिजाइन की सही समझ हो, तो किसी भी विदेशी उत्पाद को देश में ही तैयार किया जा सकता है। पिंटू के अनुसार, उनका उद्देश्य सिर्फ एक झूला बनाना नहीं, बल्कि चीन के उत्पादों को कड़ी टक्कर देना है। उन्होंने दावा किया कि अब चीन के विभिन्न झूलों के डिजाइन कन्हैयागंज में तैयार किए जा रहे हैं और उन्हें लगातार लॉन्च भी किया जा रहा है। इससे स्थानीय कारीगरों को रोजगार मिलने के साथ–साथ 'मेक इन इंडिया' की भावना को भी बल मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में तैयार यह टोरनाडो झूला न केवल तकनीकी दक्षता का उदाहरण है, बल्कि यह साबित करता है कि सीमित संसाधनों के बावजूद प्रतिभा और परिश्रम से वैश्विक स्तर की चीजें बनाई जा सकती हैं। झूला निर्माता पिंटू विश्वकर्मा ने बताया की पहले इस तरह का झूला चीन से आता था। मैंने यूट्यूब पर इसका डिजाइन देखा और सोचा कि इसे हम अपने यहां क्यों नहीं बना सकते। छह महीने की मेहनत के बाद हमने इसे तैयार कर लिया। अब हमारा लक्ष्य है कि चीन के हर डिजाइन को यहीं बनाकर बाजार में उतारा जाए। स्थानीय लोगों ने पिंटू विश्वकर्मा के इस प्रयास की सराहना की है और इसे नालंदा की नई पहचान के रूप में देखा जा रहा है।

# पेट्रोल टंकी के पास झाड़ियों में लगी आग, अग्निशमन टीम की तत्परता से टला बड़ा हादसा



केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, । नालंदा। नालंदा जिले के नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत पेट्रोल टंकी के पास सड़क किनारे झाड़ियों में असामाजिक तत्वों द्वारा आग लगा देने से अफरा–तफरी मच गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि महज 10 मिनट के अंदर पास स्थित पेट्रोल पंप को अपनी चपेट में ले सकती थीं, जिससे बड़ा हादसा हो सकता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क किनारे सूखी झाड़ियों में अचानक आग भड़क उठी। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलने लगी। घटनास्थल के समीप एक पेट्रोल टंकी मौजूद थी, वहीं सड़क किनारे दो बसें भी खड़ी थीं, जो आग की चपेट में आ सकती थीं। समय रहते सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अग्निशमन कर्मियों की तत्परता से एक बड़ी दुर्घटना टल गई। यदि आग पेट्रोल पंप तक पहुंच जाती तो जान–माल की भारी क्षति हो सकती थी। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि ऐसी घटनाओं की तुरंत सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर किसी भी बड़ी दुर्घटना को रोका जा सके।



# विदेशों तक पहुंचा निश्चलगंज का पेड़ा अमेरिका और सऊदी अरब में भी बढ़ी मांग

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट निश्चलगंज (नालंदा)।** नालंदा जिले का निश्चलगंज इन दिनों अपने पारंपरिक पेड़ा के स्वाद को लेकर देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी पहचान बना रहा है। यहां तैयार होने वाला पेड़ा अब अमे.रिका और सऊदी अरब तक पहुंच रहा है, जहां लोग इसके खास स्वाद का आनंद ले रहे हैं।

स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, निश्चलगंज में करीब 40 से अधिक पेड़ा विक्रेता प्रतिदिन हजारों लीटर दूध से पहले आग पर सूखा खोवा तैयार करते हैं। पारंपरिक तरीके से बनाए गए इस खोवा से विशेष विधि द्वारा पेड़ा तैयार किया जाता है। गुणवत्ता और शुद्धता के कारण इसकी मांग लगातार बढ़ती जा रही है। दुकानदारों का कहना है कि पहले यह पेड़ा जिले और राज्य तक सीमित था, लेकिन अब व्यापार प्रदेशों के साथ–साथ विदेशों तक फैल चुका है। खासकर अमेरिका और सऊदी अरब में रहने वाले भारतीयों के बीच इसकी मांग अधिक है। कई लोग अपने रिश्तेदारों के माध्यम से या विशेष ऑर्डर देकर निश्चलगंज का पेड़ा मंगवा रहे हैं।दुकानदार अश्वनी कुमार ने बताया की हम लोग शुद्ध दूध से पारंपरिक तरीके से पेड़ा बनाते हैं। पहले सिर्फ स्थानीय स्तर पर बिक्री होती थी, लेकिन अब बाहर के राज्यों और विदेशों से भी मांग आने लगी है। यह हमारे लिए गर्व की बात है। दुक.ानदार शंकर प्रसाद गुप्ता ने बताया की प्रतिदिन हजारों लीटर दूध से खोवा तैयार कर पेड़ा बनाया जाता है। गुणवत्ता ही हमारी पहचान है। अमेरिका और सऊदी अरब तक हमारा पेड़ा जा रहा है, इससे निश्चलगंज का नाम रोशन हो रहा है। निश्चलगंज का पेड़ा न केवल स्वाद के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का भी बड़ा साधन बन चुका है। लगातार बढ़ती मांग से व्यापारियों में उत्साह है और वे गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दे रहे हैं।




# नालंदा की विरासत

# सूख गयी राम–लक्ष्मण कुंड की धार, लगा है गंदगी का अंबार, एक ही कुंड में गिरती थी ठंडी और गर्म जलधारा

## राम–लक्ष्मण कुंड

## वर्ष 2011 में मुख्यमंत्री के पहल पर पुनर्जीवित किया गया था कुंड

*अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट। केशववाणी*

राजगीर (नालंदा)। पर्यटक नगरी में प्रकृति की अद्भूत देन है गर्म पानी। पहाड़ों से निकलने वाला यह पानी स्वास्थ्य के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। इसी कारण यहां के गर्म कुंड का स्नान कर तीर्थ लाभ के साथ स्वास्थ्य लाभ लेने देस ही नहीं विदेश से भी पर्यटक आते हैं। यहां गर्म पानी के लिए 22 कुंड व 52 धारा है। इन्हीं में से एक राम–लक्ष्मण कुंड भी है। यह सूर्यकुंड परिसर में स्थित है। इसका पानी विपुलाचल पर्वत से आता था।

इस कुंड में नाम के अनुरूप ही एक गर्म तो दूसरी ठंडी जल की धार बहती थी। सालों से यह कुंड बंद पड़ा है। इसमें गंदगी का अंबार लगा है। पानी की धार बंद हो चुकी है। गेट पर कपड़ा पसरा रहता है। पानी में काय जमे हुए हैं। इस कुंड को 2011 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पहल पर सौंदर्यीकरण किया गया था। दोनों धाराओं को पुनर्जीवित किया गया था। एक ही कुंड में ठंडा और गरम दोनों पानी का मजा पर्यटकों को मिल रहा था। उसके कुछ माह बाद से ही यह दोबारा से बंद पड़ा है।






इसकी ओर न तो पंडा कमेटी का और न प्रशासन को कोई ध्यान है। प्रशासन की अनदेखी के कारण देस–विदेश से आने वाले पर्यटक इस कुंड के सेवन से वंचित रह जाते हैं। लोगों का कहना है कि जहां जाड़े के मौसम में इस कुंड में गर्म जल का आनंद लेते थे, वहीं गर्मी में ठंडे जल का भी आनंद लेने का अद्भूत संयोग मिलता था। इस कुंड को छोड़कर किसी में ठंडे जल का धार नहीं है।

कुंड की ऐसी मान्यता रही है कि भगवान श्रीराम और लक्ष्मण के स्वभाव के अनुरूप ही इस कुंड में ठंडा व गरम जलधारा गिरती थी। लोगों के लिए काफी आर्कषण का केन्द्र था। लोगों ने कहा कि इसके सोर्स को ठीक कर टूटे रास्ते को बनाकर कुंड में धार को लाया जाना चाहिए।

कुंड की साफ–सफाई कर धार को सही करवाना चाहिए। ताकि पर्यटकों को इस अनूठे कुंड का लाभ मिल सके। कुंड के नाम के बारे में एसी मान्यता है कि भगवान राम शांत स्वभाव के थे, इसलिए शीतल जलधारा को राम तथा लक्ष्मण के गरम स्वभाव के कारण गर्म जलधारा को लक्ष्मण नाम दिया गया होगा।

# आरएडी योजना के तहत मक्का एवं चीना बीज क्रय के बाद स्थलीय निरीक्षण, उत्पादन बढ़ाने पर जोर

**केशववाणी** । शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)। बिहार सरकार के कृषि विभाग द्वारा संचालित आरएडी (राष्ट्रीय कृषि विकास से संबंधित) योजना के अंतर्गत नालंदा जिले में चयनित किसानों द्वारा मक्का एवं चीना फसल के उन्नत बीज तथा आवश्यक कृषि उपादानों की खरीदारी की गई है। योजना का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीक अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा फसल उत्पादन में वृद्धि सुनिश्चित करना है। चयनित लाभार्थी किसानों ने विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप अधिकृत विक्रेताओं से बीज एवं अन्य कृषि उपादान क्रय किए। बीज क्रय के उपरांत संबंधित प्रखंडों में प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (एसएओ) द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बीज की गुणवत्ता, वितरण प्रक्रिया तथा खेतों में बुआई की स्थिति का भौतिक सत्यापन किया गया। इस अवसर पर कृषि अधिकारियों ने किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों, संतुलित उर्वरक उपयोग, समय पर सिंचाई तथा समेकित कीट प्रबंधन के संबंध में आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया।



जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि आरएडी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले में मक्का एवं चीना फसल के क्षेत्रफल एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में सहायता मिलेगी। कृषि विभाग द्वारा योजना की सतत निगरानी की जा रही है, ताकि अधिक से अधिक पात्र किसानों को इसका लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

# सरथा में २४ घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू, भक्ति में डूबा गांव

**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट।** हरनौत (नालंदा)। हरनौत प्रखंड के सरथा गांव स्थित महादेव मंदिर परिसर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन रविवार से विधिवत आरंभ हो गया। कीर्तन के शुभारंभ के साथ ही पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया है।

पंडित आदित्य नारायण एवं पंडित गोपाल पांडे ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत जममान शुद्धिकरण, गणेश–गौरी ध्यान पूजन, कलश पूजन, पंचदेव पूजन, ध्वजारोहण, नवग्रह पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, स्थल पूजन, प्रधान देवता पूजन, शालिग्राम पूजन एवं ब्राह्मण पूजन जैसे विधि–विधान के साथ की गई। इसके उपरांत दोपहर 12:50 बजे अखंड कीर्तन प्रारंभ हुआ, जिसका विसर्जन सोमवार को उसी समय किया जाएगा।



कीर्तन के दौरान "हरे रामा, हरे कृष्णा" के जयघोष से सरथा गांव के विभिन्न टोले गूंज उठे। धार्मिक आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश सिंह, पसंसं राणा सिंह, शैलेश सिंह सहित जजमान के रूप में मुकेश कुमार, पांच. ाली पांडे, अनिरुद्ध सिंह, संतोष कुमार एवं आनंद कुमार समेत धीरज, प्रमोद और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

पंडितों ने बताया कि सोमवार को कन्या पूजन, आरती एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। चार दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम का समापन मंगलवार को भंडारे के साथ होगा।

आयोजकों के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य गांव में आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण, सक. ारात्मक ऊर्जा का संचार, सुख–समृद्धि की कामना और सामाजिक शांति बनाए रखना है। यह कार्यक्रम प्रतिवर्ष कलश यात्रा, धार्मिक अनुष्ठान और भक्तिपूर्ण माहौल के साथ आयोजित किया जाता है।

# केनुआँपर के प्राचीन शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा व २४ घंटे का अखंड कीर्तन शुरू

**केशववाणी जैलेन्द्र कुमार की रिपोर्ट**
'। थरथरी (नालंदा)। थरथरी प्रखंड के केनुआँपर गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर में फाल्गुन कृष्ण पक्ष त्रयोदशी, रविवार के पावन अवसर पर भगवान शिव की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा एवं 24 घंटे के अखंड कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर पूरे गांव में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम वैदिक मंत्रोच्चार और विधि–विधान के साथ विद्वान आचार्यों द्वारा संपन्न कराया गया। मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। पूजा–अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत 24 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ किया गया। आसपास के गांवों से आई कीर्तन मंडलियों ने भगवान शिव की महिमा का गुणगान किया। "हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे" एवं "हर–हर महादेव" के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा।

इस अवसर पर कौशलेन्द्र कुमार (सांसद, नालंदा) तथा कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया ने केनुआँपर गांव पहुंचकर मंदिर में माथा टेका और भगवान शिव का आशीर्वाद लिया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की।



आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की समुचित व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आसपास के गांवों से आए भक्तों ने कार्यक्रम में भाग लिया। आयोजन की तैयारी में गांव के लोगों ने मंदिर परिसर की साफ–सफाई, सजावट और अन्य व्यवस्थाओं में सक्रिय योगदान दिया।

धार्मिक कार्यक्रम के मुख्य निवेदक जुगा प्रसाद एवं संजय प्रसाद रहे, जबकि स्वागतकर्ता के रूप में केनुआँपर गांव के समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विनोद कुमार, सन्नी कुमार, जहेन्द्र कुमार, मनोज कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।



# साप्ताहिक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 125 से अधिक मरीजों का हुआ परीक्षण

**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोट।** बिहार शरीफ (नालंदा) – भारतीय रेड क्रॉस सोसा. इटी, जिला शाखा नालंदा द्वारा रविवार को विस्तारित भवन श्रम कल्याण केंद्र मैदान में साप्ताहिक नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य निसहाय एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है।
शिविर में बिहार शरीफ के विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भाग लेकर मरीजों की जांच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सा परामर्श दिया। इस दौरान कुल 125 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, वहीं 45 लोगों की मधुमेह (डायबिटीज) की जांच भी की गई।
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नीतीश कुमार ने 25 बच्चों की जांच की। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव कुमार सिंह ने 45 मरीजों की आंखों की जांच की। फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. अखिलेश कुमार एवं डॉ. उमेश कुमार सिंह ने 60 मरीजों को परामर्श दिया। फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. मोहम्मद शहजाद आलम ने 20 मरीजों का परीक्षण किया। होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. गौतम कुमार एवं डॉ. रितेश कुमार ने 12 लोगों का इलाज किया। ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने भी मरीजों की जांच कर उचित सलाह दी।शिविर में पहुंचे लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए अत्यंत सहायक साबित हो रहे हैं। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार के नेतृत्व में कार्यकारिणी एवं आजीवन सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पंजीकरण, कतार प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किया। उपस्थित सदस्यों के समर्पण और सेवा भावना को शिविर की सफलता का मुख्य आधार बताया गया। रेड क्रॉस सोसाइटी ने जानकारी दी कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी प्रत्येक रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।



# महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बारा बिगहा गांव में निकाली गई शिव पार्वती की झांकी

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट।** नूरसराय (नालंदा)। नालंदा महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र के बारा बिगहा गांव स्थित महावीर स्थान में 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया।अखंड कीर्तन से पूर्व कलश शोभा यात्रा निकाली गई।कलश शोभा यात्रा के साथ शिव पार्वती की झांकी भी निकाली गयी। कलश शोभा यात्रा में 151 ग्रामीण महिलाएं व कन्याओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया शोभा देवी ने महिलाओं के सिर पर कलश रखकर किया।कलश शोभा यात्रा व शिव पार्वती की झांकी महावीर स्थान से निकलकर बारा बिगहा गांव के गलियों से होते हुए खरजमा गांव पहुंची और वापस महावीर स्थान पहुंचकर शोभा यात्रा समाप्त किया गया।शोभा यात्रा के दौरान शिव व पार्वती के द्वारा पंचायत भवन के परिसर में बरगद का पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण का संदेश दिया गया। शोभा यात्रा में शामिल श्रदालुओं ने हर हर महादेव,जय श्री राम व बोल बम का नारा लगाते देखे गये। शिव गीत के धुनों पर श्रद्धालु थिरकते भी देखे गए।शिव पार्वती की झांकी को द्वखने के लिए हर कोई आतुर दिखे।



शोभा यात्रा समाप्ति के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुरोहित ने 24 घंटे का अखंड कीर्तन का शुरुआत किया।हरे राम हरे कृष्ण की ध्वनि से पूरा गांव गुंजायमान हो गया। मुखिया शोभा देवी ने कहा कि इस तरह की धार्मिक कार्य होने से लोगों में आपसी मिल्लत व भाईचारा बना हुआ रहता है। "हरे कृष्ण, हरे राम" मंत्र में 'हरे' का अर्थ केवल पुकार नहीं, बल्कि परम स्मरण है। 'हरे' शब्द महादेव के उस स्वरूप की याद दिलाता है जो साक्षात भगवान विष्णु की भक्ति में लीन हैं। 'कृष्ण' और 'राम' — दोनों ही भगवान विष्णु के अवतार हैं।वहीं सिद्धार्थ ने भगवान शंकर,मोहित ने माता पार्वती,अनिकेत ने हनुमान व पीयूष ने भूत पिचास की भूमिका अदा किया।




# हरनौत प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि का पर्व

**केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट।** हरनौत (नालंदा) हरनौत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में स्थित शिव मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर शाम तक पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने बेलपत्र ,दूध और धतूरे से महादेव का अभिषेक किया। हर हर महादेव के उद्घोष के साथ मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना रुद्र अभिषेक और प्रखंड क्षेत्र के कई जगहों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जो शिव पार्वती विवाह के रूप में मनाया गया। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कई गांव में अखंड कीर्तन का आयोजन भी किया गया है। हरनौत बाजार स्थित हर हर महादेव धर्मशाला मंदिर में भक्तों की काफी भीड़ देखी गई।

# कालीबीघा में 161 कलश यात्रा के साथ अखंड कीर्तन का शुभारंभ भक्ति गीतों और हरिनाम संकीर्तन से गुंजायमान हुआ गांव

**केशववाणी। गिरियक (नालंदा)।** गिरियक प्रखंड अंतर्गत रैतर पंचायत के कालीबीघा गांव में धार्मिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति के माहौल के बीच अखंड कीर्तन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रविवार को 161 कलश यात्रा के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान की विधिवत शुरुआत हुई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं, युवतियों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण किए महिलाएं भक्ति गीतों और जयघोष के साथ गांव की परिक्रमा करती रहीं। "हरि नाम" और भजन–कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर तक शोभायात्रा निकाली, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश की स्थापना की गई। इसके उपरांत अखंड कीर्तन का शुभारंभ हुआ, जो निर्धारित समय तक निरंतर जारी रहेगा। आयोजन समिति के सदस्य अमरनाथ चा. ैधरी (पुजारी), पंडित दयानंद पांडे, सिकंदर कुमार, संजीव सौरव, आशुतोष, राहुल राज, शिव बालक यादव, लखन यादव, पवन कुमार, चंदन कुमार राणा, जगन्नाथ, महेंद्र यादव, बजरंगी यादव, दयानंद, वीरेश कुमार, श्रवण कुमार, गिरनी यादव, मोहन यादव, चौथी यादव और रामजी यादव सहित दर्जनों ग्रामीण आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



आयोजकों ने बताया कि अखंड कीर्तन के माध्यम से क्षेत्र में सुख–शांति और समृद्धि की कामना की जा रही है। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग मिल रहा है तथा सुरक्षा एवं व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इस धार्मिक आयोजन को लेकर कालीबीघा गांव में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

# अतवल चक गांव के बधार में पुलिस की छापेमारी, ४०० लीटर अर्धनिर्मित शराब नष्ट



**केशववाणी जैलेन्द्र कुमार की रिपोर्ट।** थरथरी (नालंदा)। थरथरी प्रखंड क्षेत्र के अतवल चक गांव के बधार में पुलिस ने छा. पेमारी कर लगभग 400 लीटर अर्धनिर्मित अवैध शराब को मौके पर ही विनष्ट कर दिया।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि गांव के बधार में झाड़ियों के बीच कई टीनों में शराब निर्माण के लिए कच्चा माल छिपाकर रखा गया था। इसकी गुप्त सूचना पुलिस को प्राप्त हुई थी। सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने अतवल चक गांव में छा. पेमारी की। छापेमारी के दौरान लगभग 400 लीटर अर्धनिर्मित शराब बरामद की गई, जिसे विधि अनुसार मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है तथा अवैध शराब कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब निर्माण और कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।






# राजगीर में महाशिवरात्रि पर सरस्वती तट पर भव्य गंगा महाआरती, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**केशववाणी** । अनुमंडल संवाददाता, राजगीर राजीव लोचन की रिपोर्ट

राजगीर (नालंदा)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिले के ऐतिहासिक नगर राजगीर में सरस्वती नदी के तट पर भव्य गंगा महाआरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इसने राजगीर की सांस्कृतिक जीवंतता और आध्यात्मिक परंपरा को भी सजीव रूप में प्रस्तुत किया।

महाशिवरात्रि जैसे पावन दिन पर प्राचीन राजगृह की धरती पर आयोजित इस महाआरती ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम में गया के प्रसिद्ध पांडा स्वामी उपकर बाबा एवं राजगीर पंडा सचिव विकास उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की महत्ता को और बढ़ा दिया। सैकड़ों श्रद्धालु सरस्वती नदी तट पर एकत्रित हुए और वैदिक मंत्रोच्चार, घंट–घड़ियाल और दीपों की रोशनी के बीच महाआरती में भाग लिया। पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। स्थानीय लोगों के साथ–साथ पर्यटकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों के प्रति लोगों में गहरी आस्था है।



उल्लेखनीय है कि राजगीर, जिसे प्राचीन काल में राजगृह के नाम से जाना जाता था, अपनी पंच पहाड़ियों और गरम जल कुंडोंकृविशेषकर ब्रह्मकुंडकृके लिए विश्व प्रसिद्ध है। सरस्वती नदी का तट भी यहां आध्यात्मिक शांति और साधना का प्रमुख स्थल माना जाता है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद विकास कुमार, पूर्व वार्ड परिषद सूरज यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया।



# गिरियक प्रखंड में भक्तिमय माहौल में मनाई गई महाशिवरात्रि, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**केशववाणी** गिरियक (नालंदा)। गिरियक प्रखंड क्षेत्र में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिव भक्तों ने विभिन्न मंदिरों में पूजा–अर्चना कर अपने परिवार की सुख–समृद्धि एवं मंगल कामना की। प्रखंड के रैतर गांव स्थित बंगलापर मंदिर, दक्षिणी देवी स्थान मंदिर, विशुनपुर, करमपुर, कालीबिघा, गिरियक, ठाकुरबीघा, गुलजार बीघा, बेलदरिया तारोखर, दुर्गानगर, पावापुरी, कतरीसराय स्थित महादेव स्थान, रामनगर मार्ककता स्थित महादेव मंदिर, पोखरपुर–दरियापुर, सातौआ एवं केन्दोपुर सहित अन्य शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने जलाभिषेक, रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा–अर्चना कर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाशिवरात्रि के अवसर पर काली बीघा और तारापुर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस में डूबे रहे। प्रखंड मुख्यालय स्थित मनोकामना मंदिर एवं गिरियक बाजार के मंदिरों में भी देर संध्या तक पूजा–पाठ अनवरत चलता रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। कतरीसराय बाजार में पुलिस गश्त करती रही। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर गौरव कुमार सिंह, श्रीकांत कुमार तथा कतरीसराय थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने विभिन्न शिव मंदिरों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रात्रि में कई स्थानों से भव्य शिव बारात निकाली गई तथा शिव–पार्वती विवाह उत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण भी किया गया। पूरे प्रखंड में महाशिवरात्रि का पर्व शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

# बिहारशरीफ के लहेरी थाना क्षेत्र में धूमधाम से निकली भगवान शिव की बारात, १० हजार श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया भंडारा प्रसाद

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट।**

बिहारशरीफ (नालंदा) – महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर लहेरी थाना क्षेत्र में भगवान शिव की भव्य बारात निकाली गई। शिव बारात में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे शहर में गाजे–बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के विवाह का आयोजन विधि–विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया। बारात में महिला–पुरुष, बच्चे एवं युवतियां बढ़–चढ़कर शामिल हुए। शिव मंदिर के द्वार पर बारात का भव्य स्वागत किया गया। महिलाओं ने पारंपरिक रीति–रिवाज के साथ भगवान शिव की आरती उतारी और विवाह की रस्में निभाईं। इसके बाद मंदिर परिसर में पुजारियों द्वारा पूरे वैदिक विधान से भगवान भोलेनाथ का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। लहेरी थाना क्षेत्र के साथ–साथ ब्रह्मस्थान में भी प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों के अनुसार करीब 10 हजार श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। देर रात तक भंडारा चलता रहा और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। लहेरी थाना के बड़े बाबू ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रही। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना नहीं घटी। पुलिस प्रशासन सभी इलाकों में सक्रिय रहा तथा मंदिरों एवं मस्जिदों के आसपास विशेष सुरक्षा



व्यवस्था की गई थी। विभिन्न मोहल्लों से जुलूस निकालकर श्रद्धालु अपने–अपने मंदिरों में पहुंचकर पूजा–अर्चना करते रहे। दूसरी ओर ब्रह्मस्थान में भी भंडारे एवं पूजा–पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में भक्ति गीतों एवं डीजे की धुन पर श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक पर्व मनाया। आयोजन समिति के सदस्य अनिल कुमार यादव ने बताया कि मोहल्लावासियों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लोगों ने स्वेच्छा से तेल, नमक, चीनी, गैस एवं अन्य सामग्री देकर सहयोग किया। आयोजकों ने कहा कि महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का प्रमुख एवं महान पर्व है। सभी लोगों ने मिलकर शांतिपूर्वक एवं उत्साह के साथ इस पर्व को मनाया तथा क्षेत्र में सुख–शांति की कामना की।

# 11 लाख की साइबर ठगी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार व्हाट्सऐप पर एपीके भेजकर करते थे मोबाइल हैक, लोन के नाम पर ठगी

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया।** नालंदा (नालंदा) नालंदा साइबर थाना ने 11 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में मनोज कुमार उर्फ रंजित कुमार (27 वर्ष), पिता ललन प्रसाद तथा पंकज कुमार (19 वर्ष), पिता किशोरी प्रसाद उर्फ राजीव राउत शामिल हैं। दोनों सरवहदी, थाना मानपुर, जिला नालंदा के निवासी हैं। दोनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जांच में सामने आया कि आरोपी व्हाट्सऐप के माध्यम से एपीके (एपीके) फाइल भेजते थे। जैसे ही कोई व्यक्ति उस फाइल को डाउनलोड करता, उसका मोबाइल हैक हो जाता। इसके बाद आरोपी फोन और यूपीआई क्लोन कर लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 09 मोबाइल फोन (07 स्मार्टफोन, 02 कीपैड), 05 एटीएम कार्ड, पीड़ितों के मोबाइल नंबर लिखी एक नोटशीट, 06 जाली आधार कार्ड और 01 पैन कार्ड बरामद किया है।इस सफल कार्रवाई में साइबर थाना के पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, सहायक अवर निरीक्षक अबू तालीब अंसारी, शैलेश कुमार झा, सिपाही पुनेश कुमार, विजय कुमार सहित सशस्त्र बल एवं जिला आसूचना इकाई की टीम शामिल रही। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात लिंक, एपीके फाइल या कॉल पर विश्वास न करें तथा संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना साइबर थाना को दें। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।




